पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल ने देश एवं प्रदेशवासियों को रामनवमी की दी बधाई

———

लखनऊः 05 अप्रैल, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने देश एवं प्रदेशवासियों को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि भगवान राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके द्वारा स्थापित नैतिकता, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने कामना की कि भगवान श्री राम की कृपा से देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त हो।

———

सम्पर्क सूत्र
कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी
दिलशाद–सूचना अधिकारी
9696185895